
हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 09 देहरादून, मंगलवार, 25 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



रवांई घाटी की ऐतिहासिक डांडा की जातर 100 गावों के लोगों का अनोखा अनुष्ठान 5

# जाली प्रमाण-पत्रों में कड़ी कार्यवाही होगी : राधा रतूड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 25 जून , मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जाली प्रमाण-पत्रों के मामलों में कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सीएस ने आम जनता के लिए जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया अत्यन्त सरल बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि आमजन को प्रमाण पत्र हेतु इधर उधर न भटकना पड़े। राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भारत सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्कूल में दाखिला लेने, विधवा पेंशन प्राप्त करने, जीवन बीमा की राशि प्राप्त करने आदि के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ हैं, जिसे प्राप्त करने के लिए कभी कभी परिवार जालसाजों के झांसे में आकर मोटी धनराशि के बदले जाली प्रमाणपत्र प्राप्त कर लेते हैं तथा बाद में उन्हें कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त जन्म मृत्यु पंजीकरण की भारत सरकार की अधिकारिक वेबसाइट से बहुत सी मिलती जुलती जाली वेबसाइट के मामले भी संज्ञान में आए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आम जनता से भी अपील की है कि जनता इस प्रकार के जालसाजों से सचेत रहे तथा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपने क्षेत्र के रजिस्ट्रार से ही संपर्क करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जन्म -मृत्यु पंजीकरण के फर्जी मामलों की रोकथाम तथा आम जनता हेतु पंजीकरण प्रक्रिया को सरल एवं सुदृढ़ बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक नया सुदृढ़ पोर्टल (dc.crsorgi.gov.in) लॉंच कर दिया गया है। इसके माध्यम से परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल पर अपनी आई0 डी0 बनाकर परिवार में होने वाले जन्म या मृत्यु के पंजीकरण के लिए घर बैठे ही आवेदन कर सकता है। इसके लिए उसे केवल एक ईमेल एवं एक मोबइल नंबर की आवश्यकता होगी।






आवेदन पश्चात आवेदक किसी भी समय अपने आवेदन की स्थिती को भी देख सकता है। सम्बंधित रजिस्ट्रार द्वारा आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों से संतुष्ट होने पर आवेदन को स्वीकार कर लिया जाता है तथा डिजिटल प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। जारी किये गए इस डिजिटल प्रमाण पत्र की एक प्रति आवेदक द्वारा दिए गए ईमेल आई डी पर भी तत्काल ही उपलब्ध हो जाती है, जिसे वह किसी भी समय डाउनलोड कर उसका उपयोग कर सकता है। मुख्य सचिव द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि चूँकि यह कार्य आम जनता के लिए ही है अतः जनता के बीच इसका उचित प्रचार प्रसार आवश्यक है, जिसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

सचिवालय में मुख्य सचिव सीएस राधा रतूड़ी ने राज्य में चल रहे जन्म -मृत्यु पंजीकरण कार्य की सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा की।बैठक में प्रमुख सचिव, सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जनगणना निदेशक, अपर सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा स्वास्थ्य निदेशालय, पंचायती राज, राजस्व विभाग, शहरी विकास, उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल, अर्थ एवं संख्या निदेशालय एवं जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार आदि के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## केदारनाथ धाम : बाबा के भक्तों ने बनाया एक नया रिकॉर्ड, आंकड़ा पहुंचा 9.50 लाख पार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 25 जून : करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के केंद्र भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही भक्तों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा है जो थमने का नाम नहीं ले रहा। 10 मई को कपाट खुल गए थे और अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और अब तक 9.50 लाख तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है।उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में देश-विदेश से लाखों लोग दर्शन करने पहुँच रहे हैं लेकिन केदारनाथ धाम यात्रा इस बार इतिहास रचने वाला है।

यात्रियों की बढ़ती संख्या से पर्यटन व तीर्थाटन को बढ़ावा मिल रहा है साथ ही बदरी-केदार मंदिर समिति की आय में भी काफी इजाफा हो रहा है। केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के बीच बाबा केदार के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। पिछले वर्ष इस समय तक 6.50 लाख श्रद्धालु ही बाबा केदार के दर्शन करने पहुंचे थे जबकि इस वर्ष 9.50 लाख श्रद्धालुओं ने अभी तक दर्शन करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।सबसे अच्छी बात तो यह है कि इस बार पशुओं की मौत के आंकड़ों में कमी आई है क्यूंकि यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के साथ-साथ घोड़े-खच्चरों पर भी निगरानी की जा रही है और पशु क्रूरता को रोका जा रहा है। पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि केदारनाथ पैदल मार्ग पर 11 करोड़ रुपये की लागत से चार स्थानों पर टिनशेड का निर्माण किया गया है। पहले पैदल यात्रा मार्ग पर पशुओं के आराम करने के लिए कोई स्थान नहीं था, लेकिन अब इन टिनशेडों के निर्माण से उन्हें आराम मिल रहा है।

यात्रा मार्ग पर चलने वाले पशुओं को टिटनेस के इंजेक्शन लगाए गए हैं, जिससे घोड़े-खच्चरों की मौत में भी कमी आई है। पशुओं पर टैग लगाए गए हैं और 6 स्कैनर अधिकारियों को दिए गए हैं, जिससे रजिस्टर्ड घोड़ों की पहचान हो रही है और इस बार अभी तक पशुओं की मृत्यु दर में पचास प्रतिशत की कमी आई है।

## उत्तराखंड : एक हफ्ते तक बारिश का अलर्ट प्री-मानसून ने दी दस्तक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 25 जून : मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 11 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। IMD के मुताबिक 25 से 27 जून के तक प्रदेशभर में तेज बारिश होने की सम्भावना है और इसके लिए ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है और साथ ही चारधाम यात्रियों से सतर्क रहने की अपील की है। राजधानी देहरादून में हुई बारिश से दो डिग्री तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

प्रदेश का मौसम अब सुहाना हो गया है। गर्मी से परेशान इंसान से लेकर पशु-पक्षियों के लिए गर्मी का प्रकोप अब कम हो गया है। पहाड़ों में घूमने आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए मौसम विभाग ने सतर्क रहने की चेतावनी दी है। क्यूंकि अब उत्तराखंड में मानसून का दौर शुरू हो चुका है और इस दौरान प्रदेश में बारिश के चलते सावधानी बरतने की ज़रूरत है।मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार आज नैनीताल, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चंपावत, देहरादून, टिहरी और पौड़ी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और देहरादून में 30 से 40




किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाई चलेगी। आगामी एक हफ्ते प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय जिलों में भूस्खलन भी आशंका है।देहरादून का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# वो 'शापित' मोबाइल नंबर, जिसने ले ली थी 3 लोगों की जान, कंपनी को करना पड़ा था बैन


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : मोबाइल का इस्तेमाल आजकल आम बात हो गई है. इसके बिना लोगों का काम ही नहीं चल पाता और ये तो आप जानते ही होंगे कि बिना सिम के मोबाइल फोन रखने का कोई मतलब ही नहीं होता. आपने देखा होगा कि अक्सर लोग यूनिक मोबाइल नंबर पाने की कोशिश करते हैं और इसके लिए वो एक्स्ट्रा पैसे भी खर्च करने को तैयार रहते हैं, लेकिन जरा सोचिए कि अगर वो यूनिक मोबाइल नंबर ही आपकी जान का दुश्मन बन जाए तो? जी हां, ऐसा ही एक मोबाइल नंबर बुल्गारिया में है, जिसे शापित माना जाता है. कहते हैं कि इस मोबाइल नंबर ने तीन लोगों की जान ले ली थी, जिसके बाद इसे बैन कर दिया गया था।

बुल्गारिया का ये शापित मोबाइल नंबर है +359 888 888 888. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नंबर की वजह से जिस पहले इंसान की मौत हुई थी, वो बुल्गारिया की एक मोबाइल फोन कंपनी मोबिटेल के पूर्व सीईओ यानी मुख्य कार्यकारी अधिकारी व्लादिमीर ग्राशनोव थे. सबसे पहले उन्हें ही ये मोबाइल नंबर इश्यू किया गया था, जिनकी साल 2001 में 48 साल की उम्र में मौत हो गई थी. कहा जाता है कि उनकी मौत कैंसर से हुई थी, पर उनके बारे में फैली अफवाहें कहती हैं कि उनके कैंसर का कारण रेडियोएक्टिव पॉइजनिंग थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार व्लादिमीर ग्राशनोव की मौत के बाद इस मोबाइल नंबर को कॉन्स्टेंटिन दिमित्रोव के नाम पर इश्यू कर दिया गया, जो कि एक माफिया बॉस था. उसने गलत-गलत काम करके 500 मिलियन पाउंड यानी 5 हजार करोड़ से भी अधिक की संपत्ति जुटा ली थी, लेकिन बाद में उसका भी खात्मा हो गया. साल 2003 की बात है. दिमित्रोव नीदरलैंड में अपने ड्रग-तस्करी साम्राज्य का निरीक्षण करने के लिए गया हुआ था कि इसी दौरान एक अपराधी ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी.

कहते हैं कि जिस समय इस माफिया सरगना की हत्या हुई, उसके हाथ में उसका मोबाइल था और उसमें वही 'शापित' नंबर एक्टिव था. उसकी मौत के बाद इस फोन नंबर को बिजनेसमैन और एस्टेट एजेंट कॉन्स्टेंटिन डिश लीव को दे दिया गया, लेकिन साल 2005 में उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी गई. कॉन्स्टेंटिन के बारे में भी कहा जाता है कि वह भी एक ड्रग तस्कर था और इसी वजह से वो भी मारा गया था. ऐसा माना जाता है कि इस घटना के बाद ही इस मोबाइल नंबर को परमानेंटली बंद कर दिया गया, क्योंकि उसके बाद जब भी इस नंबर पर कॉल किया जाता, तो एक रिकॉर्डेड संदेश मिलता कि 'नंबर नेटवर्क कवरेज से बाहर' है।



# Google Maps का 'Speed Limits' फीचर बचाएगा आपके चालान! ऐसे करें एक्टिवेट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : रोड पर गाड़ी चलाते हुए सभी को ओवर स्पीडिंग के चलते अपना चालान कटने का डर रहता है। अन्य देशों के समान भारत में भी सकड़ों पर ओवर स्पीडिंग को रोकने के लिए स्पीड सेंसिंग कैमरा लगाए गए हैं, जो स्पीड लिमिट से ऊपर चलने वाले वाहनों को कैद करते हैं और उनका ऑनलाइन चालान तैयार कर देते हैं। आपको इस समस्या से Google Maps बचा सकता है। क्या आप जानते हैं कि गूगल मैप्स में एक खास फीचर आता है, जो वाहन की स्पीड लिमिट से ज्यादा होने पर यूजर को अलर्ट भेजता है।

Google Maps का यह स्पीड लिमिट फंक्शन यूजर्स को उस सड़क की स्पीड लिमिट के बारे में अलर्ट भेजता है, जिस पर वे चल रहे हैं। यदि यूजर तय लिमिट से ऊपर जाता है, तो Google Maps एक अलर्ट देता है। इस फीचर को ऑन करने के बाद यूजर को Google Maps ऐप पर नीचे की ओर एक किनारे पर उसके वाहन की स्पीड दिखाई देती है, जिस पर वह चल रहा होता है। यदि वाहन सड़क की स्पीड लिमिट के पार जाता है, तो यूजर को ऐप अलर्ट भेजना शुरू कर देता है।

हालांकि, गूगल मैप्स सलाह देता है कि ऐप में स्पीडोमीटर केवल जानकारी के लिए है और यूजर्स को केवल इस पर भरोसा नहीं करना चाहिए, बल्कि इसके साथ-साथ अपने वाहन का स्पीडोमीटर भी जाँचते रहना चाहिए। यहां हम आपको गूगल मैप्स पर स्पीड लिमिट फीचर को एक्टिवेट करने का तरीका बता रहे हैं। स्टेप्स Android और iOS दोनों डिवाइस के लिए समान हैं। सबसे पहले Google Maps खोलें। ऊपरी दाएं कोने पर, प्रोफाइल पिक्चर पर टैप करें।अब 'Settings' में जाएं। अब 'Navigation setting' पर टैप करें।नीचे स्क्रॉल करते रहे, जब तक आपको 'Speed Limits' ऑप्शन दिखाई न दे।अब इस ऑप्शन के समाने




टॉगल बटन पर टैप कर उसे ऑन कर दें।इसके बाद यदि यूजर किसी सड़क की स्पीड लिमिट से ऊपर गाड़ी चला रहा होगा, तो गूगल मैप्स द्वारा उसे सूचित किया जाएगा। हालांकि, जैसा कि हमने बताया, गूगल मैप्स सलाह देता है कि यूजर अपने वाहन के स्पीडोमीटर पर नजर रखें और साथ ही सड़क के किनारों पर मौजूद स्पीड लिमिट साइन को भी जांचते रहें।


# ये शख्स कुदरत को चुनौती देकर बदल रहा है खुद का DNA

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : कुदरत की बनाई इस दुनिया के इस कुछ नियम हैं, जो यहां रहने वाले हर जीव के ऊपर लागू होते हैं. लेकिन इस दुनिया में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो इस नियम को तोड़कर अपनी मनमानी करने की कोशिश करते हैं. ऐसे लोगों की कहानी जब सामने आती है तो लोग हैरान रह जाते हैं. ऐसे ही एक शख्स का किस्सा इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है. जो अपने DNA को बदलकर अमर होना चाह रहा है.

जी हां, हम बात कर रहे हैं अमेरिका के एक बिजनेस टायकून की जो इस समय सीक्रेच आइलैंड पर कुदरत को चुनौती दे रहे हैं। यहां बात कर्नेल कंपनी के सीईओ ब्रायन जॉन्सन के बारे में, जो इससे पहले अपनी उम्र कम करने को लेकर चर्चा में आए थे. अपनी छोटी उम्र के लिए उन्होंने कई तरह के एक्सपेरिमेंट किए है. खुद जवान दिखने के लिए उन्होंने अपने बेटे के प्लाजमा को अपने शरीर में डाला है. इतना ही नहीं आज के समय में वो भले ही अपनी उम्र से छोटे दिखते हो लेकिन इसके लिए वो खाने से ज्यादा दवाई खाते हैं. हालांकि अब उन्होंने अपनी सनक को पूरा करने के लिए DNA के साथ खेल शुरू कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब उन्होंने दावा किया



है कि वो अपनी उम्र को पीछे कर खुद को अमर करने का प्रयास कर रहे हैं. वो सितंबर 2023 होंडुरास के एक आइलैंड रोआटन पर सीक्रेट एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं. जिसके तहत वो अपने DNA को पूरी तरीके से बदल रहे हैं. जिससे उनके बूढ़े होने की प्रक्रिया धीमी हो जाए. अपने इस एक्सपेरिमेंट के लिए वो 20 हजार डॉलर 16 लाख रुपये खर्च कर रहा है।

# क्या है विटामिन P शरीर के लिए क्यों है जरूरी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन्स और मिनरल्स की जरूरत होती है. खाने-पीने की चीजों से ये जरूरी तत्व शरीर को मिलते हैं. अलग-अलग विटामिन्स शरीर में विभिन्न तरीके से काम करते हैं और बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं. विटामिन ए, बी, सी, डी समेत कई तरह के होते हैं, जिनकी हमें हर दिन जरूरत होती है. अब तक आपने इन प्रमुख विटामिन के नाम सुने होंगे, लेकिन क्या आपने विटामिन P के बारे में सुना है. आज आपको बताएंगे कि विटामिन P क्या है और इससे हमारे शरीर को फायदे होते हैं. साथ ही यह भी बताएंगे कि विटामिन P किन फूड्स में भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

हेल्पलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक प्लांट कंपाउंड के फ्लेवोनोइड्स को ही विटामिन P कहा जाता है. यह वास्तव में विटामिन नहीं है, बल्कि एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टी वाले फाइटोन्यूट्रिएंट्स का एक वर्ग है. ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. फलों, सब्जियों, चाय, कोको और वाइन में कई प्रकार के फ्लेवोनोइड पाए जाते हैं. फ्लेवोनोइड्स को बायो फ्लेवोनोइड्स के रूप में भी जाना जाता है. पहली बार जब 1930 में वैज्ञानिकों ने पहली बार संतरे से फ्लेवोनोइड्स को निकाला, तब उन्हें एक नए प्रकार का विटामिन माना गया. इसलिए उन्हें विटामिन P नाम दिया गया. इस नाम का अब उपयोग नहीं किया जाता है, क्योंकि फ्लेवोनोइड विटामिन नहीं हैं. फ्लेवोनोइड्स पौधों में मौजूद होते




हैं। माना जाता है कि फ्लेवोनोइड विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं. ये हार्ट डिजीज, डायबिटीज और अन्य बीमारियों को रोकने में मदद करते हैं. फ्लेवोनोइड्स एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करते हैं. ये शरीर के फ्री रेडिकल्स के असर को कम करने में मदद करते हैं. ये फ्री रेडिकल्स सेल्स डैमेज कर सकते हैं और इससे कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं. कई स्टडी में पता चला है कि फ्लेवोनोइड्स हमारे ब्रेन की कोशिकाओं की रक्षा कर सकते हैं और ब्रेन हेल्थ को बढ़ावा दे सकते हैं. फ्लेवोनोइड्स वाली डाइट का सेवन करने से टाइप 2 डायबिटीज का खतरा कम हो सकता है. प्रतिदिन 300 मिलीग्राम फ्लेवोनोइड के सेवन से डायबिटीज का खतरा 5% कम हो सकता है।

# उधमसिंह नगर : आसमानी बिजली ने ली सगे भाई-बहन की जान





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उधमसिंह नगर 25 जून : खटीमा के सैजना गांव में मौसम खराब होने के पश्चात आसमानी बिजली गिरने से एक परिवार के दो बच्चों को छीन लिया, घटना सामने आने पर इलाके में हड़कंप मच गया।उत्तराखंड में इस साल पहाड़ों में भी जबरदस्त गर्मी पड़ने से किसानों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन जैसे ही पहाड़ों पर बरसात शुरू हुई हैं वैसे ही दुःखद घटनाएं सामने आने लगी है।

कुमाऊँ मंडल के खटीमा में एक ऐसा हादसा हो गया जिसमें एक ही परिवार के दो सगे भाई बहनों की जान चली गई। ये दोनों सुबह करीब 10 बजे अपने परिवार के साथ धान की रोपाई करने गए हुए थे तभी अचानक आसमानी बिजली ने दोनों की जान ले ली।उनके साथ में उनकी माता संक्रांति देवी और बड़ा भाई गोविंद सिंह भी रोपाई लगा रहे थे और उनके सामने यह भयानक हादसा हो गया।

बिजली गिरने की सूचना मिलते ही पूरे गाँव में हड़कंप मच गया। मृतक भाई सुमित राणा उम्र 19 वर्ष और बहन सुहावनी राणा उम्र 24 वर्ष के शवों को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया है। इस घटना के बाद तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि परिजनों को देवीय आपदा और कृषि मंडी समिति से मुआवजा दिया जाएगा।

# हैवान पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट





**न्यूज वायरस नेटवर्क**

उधमसिंह नगर 25 जून : किच्छा में चीनी मिल के निकट एक कॉलोनी में पति ने अपनी बहन के घर पर रखे धारदार हथियार से पत्नी को लहूलुहान कर मार डाला, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मिली जानकारी के अनुसार घटना यूएसनगर के किच्छा की है जहाँ पर अशोक कुमार पुत्र कन्हई लाल की नौ साल पहले पूनम निवासी महतोष गदरपुर से शादी हुई थी।

वह ग्राम आजाद नगर में किराए के मकान में रहकर ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था और इनके दो बच्चे भी हैं। पुलिस ने बताया कि वह कुछ वर्षों से अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करने लगा था, जिसे लेकर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। अशोक की बहन धनवती चीनी मिल के निकट बनी एक कॉलोनी में अपने पति तेजपाल व बच्चों के साथ रहती है और धनवती ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें दोनों भैया-भाभी के बीच लड़ाई की खबर मिली तो वो उन्हें अपने घर ले आए।

बीते दिन धनवती एक घर में झाड़ू पोंछा करने गई थी और जब वो वापस लौटी तो उसने देखा कि अशोक बाहर बैठा था और भाभी अंदर लहूलुहान अवस्था में पड़ी थी, भाभी को मृत देख उसके होश उड़ गए और वो तुरंत फार्म के मालिक को बताने गई और फिर फार्म के मालिक मौके पर पहुंचकर 112 को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और मौके से हंसिया बरामद की गई जिससे आरोपी ने गर्दन पर वार किया था। मृतक की माँ को सूचना मिलते ही वो रोते बिलखते वहां पहुंचे और बताया कि वह एक महीने से पूनम मायके में थी, चार दिन पहले ही अशोक बच्चों के स्कूल खुलने की बात कहकर ले गया जबकि पूनम जाना नहीं चाहती थी।

## संत समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

नई टिहरी। संत निरंकारी मिशन की पहल पर जीआईसी नरेंद्रनगर के क्रीड़ा मैदान में आयोजित संत समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मिशन के राजपिता रमित चांदना ने प्रवचन करते हुए कहा कि परमात्मा कण-कण में विराजमान हैं। मानव सेवा ही ईश्वर पूजा है और भक्ति में शक्ति निहित है। कहा कि मिशन का मकसद सबको साथ लेकर चलने वाला एक ऐसा आध्यात्मिक अभियान है, जो धर्म जाति और पंथ की बाधाओं से मुक्त होकर समाज में सद्भाव, शांति और सह अस्तित्व का वातावरण स्थापित करता है। जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह, ज्ञान प्रचारक धर्मेंद्र पयाल ने कहा कि सद्गुरु के माध्यम से ही परमपिता परमात्मा की जानकारी प्राप्त हो सकती है। ज्ञान के बहुमूल्य विचारों से संसार में भाईचारा स्थापित होता है।

कहा कि बिना सत्संग के मानव मस्तिष्क में विवेक पैदा नहीं होता है। सेवादल के मुख्य संचालक एसके जुनेजा, सुरेश कनौजिया, दिलबर पंवार, दीपा जोशी और टिहरी जिले के क्षेत्रीय संचालक सब्बल सिंह चौहान ने कहा कि मिशन का उद्देश्य सेवा, सत्संग और सुमिरन का भाव लेकर रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और प्राकृतिक आपदाओं जैसे कार्यों में समाज हित में भागीदारी सुनिश्चित करना है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक कल्याण सिंह नेगी ने मिशन के राजपिता चांदना सहित क्षेत्रीय संचालकों, ज्ञान प्रचारकों और श्रद्धालुओं का आभार जताया। इस मौके पर नरेंद्र राठौर, नरेश बिरमानी, ज्ञान प्रचारक इंदिरा नकोटी, अमित आहूजा, चंद्रशेखर कोठारी, जोगेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी राजपाल, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, निर्मला, रमेश असवाल, राजेंद्र सिंह गुसाईं, प्रेम सिंह कैंतुरा, महावीर सिंह कैंतुरा और ज्योति नेगी मौजूद थे।

## पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने के लिए सीएम को भेजा ज्ञापन

चमोली। एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत गैरसैंण प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ब्लॉक परिसर में नारेबाजी की। इसके बाद सहायक विकास अधिकारी पंचायत रघुवीर लाल के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को पंचायतों का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाते हुए हरिद्वार जनपद के साथ ही पंचायतों को चुनाव करने की मांग की है। ऐसा न करने पर 1 जुलाई से धरना और प्रर्दशन करने की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख शशि सोरियाल, ज्येष्ठ प्रमुख प्रभावती देवी, ब्लॉक प्रधान संगठन अध्यक्ष पान सिंह नेगी, प्रधान संगठन प्रदेश सचिव गोर्वधन प्रसाद, क्षेपस मोहन लाल शाह, प्रधान मुकेश कंडारी, लीलाधर जोशी, जिपंस अवतार सिंह पुण्डीर सहित दर्जनों पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विक्टोरिया क्रॉस दरवान सिंह नेगी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया

चमोली। देश के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस दरवानसिंह नेगी की 74 वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव कफारतीर में सोमवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वीसी दरवानसिंह नेगी वार मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों,जनप्रतिनिधियों तथा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने वीसी दरवानसिंह नेगी के स्मारक पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके शौर्य, और असाधारण पराक्रम को याद किया। प्रथम विश्व युद्ध 1914 में फ्रांस के मोर्चे पर जर्मन सेना के विरुद्ध असाधारण वीरता के लिए नायक दरवानसिंह नेगी को ब्रिटेन के राजा ने 5 दिसंबर1914 को युद्ध के मैदान में स्वयं आकर विक्टोरिया क्रॉस से विभूषित किया। 24 जून 1950 को वीसी दरवानसिंह नेगी ने अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली। सोमवार को उनकी पुण्यतिथि पर वार मेमोरियल फाउंडेशन ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष लखपत सिंह नेगी, सचिव गंभीर नेगी, पूर्व सैनिक सतपाल नेगी, अवतार सिंह सिनवाल, जयवीर सिंह रावत, हयात सिंह नेगी, भूपेंद्र सिंह मेहरा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट व नेट परीक्षा धांधली: कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया

श्रीनगर गढ़वाल। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर ने नीट और यूजीसी नेट परीक्षा में धांधली होने पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कीर्तिनगर बाजार में सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के महासचिव रामलाल नौटियाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सहित देश के अन्य राज्यों में लगतार पेपर लीक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिस कारण प्रतियोगी परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं में निराशा का माहौल बना हुआ है। नीट के साथ-साथ यूजीसी नेट पेपर लीक मामला भी सामने आया है। परन्तु अभी तक सरकार द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई हैं। मौके पर दीपक थपलियाल और अर्जुन गोदियाल ने कहा कि 2 करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने के झूठे वादे से सत्ता में आई नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार पिछले 10 वर्षों में एक भी प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्षता और पवित्रता के साथ नहीं करा पाई।मौके पर रोशन सेमवाल राजेन्द्र रावत ,सूरवीर महर, बंटी राणा, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पेयजल स्रोत बचाने को सड़क अन्यत्र से ले जाने की मांग

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के भादकी गदेरे से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग निर्माण का दिखोलगांव और धारकोट के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध करते हुए सड़क का अन्यत्र स्थान से सर्वे करने की मांग की है। कहा कि भादकी गदेरे में उनके पैतृक जलस्रोत इससे क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। पहले ही पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ऐसे में जनहित को देखते हुए सड़क दूसरे स्थान से बनाई जाए। सोमवार को दिखोलगांव और धारकोट के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मिलकर समस्या बताई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री सुरम तोपवाल, धारकोट के प्रधान निवेदति पंवार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि भादकी गदेरे से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग का सर्वे दोबारा किया जाए। भदाकी नामे तोक के झरने से तीन गांवों को पेयजल आपूर्ति होती है। लेकिन लोनिवि चंबा ने यहां पेयजल स्रोत के ऊपर से भैस्वाड़ा लिंक मोटर मार्ग का सर्वे किया है। वर्तमान में विभाग ने वहां पिलर भी लगा दिए हैं। सड़क निर्माण से उनके पैतृक जलस्रोत खत्म हो जाएंगे। जिससे पूरे क्षेत्र में जल किल्लत होगी।

### अस्पताल के उच्चीकरण को लेकर तहसील की टीम ने किया निरीक्षण

नई टिहरी। सोमवार को अस्पताल उच्चीकरण को लेकर क्षेत्रीय पटवारी और कानूनगो ने साथ मिलकर भूमि की नाप की। जिसमें कि अस्पताल उच्चीकरण के लिए मानकों से अधिक जमीन निकली। बीते रविवार को स्थानीय लोगों ने अस्पताल उच्चीकरण को लेकर संघर्ष समिति का गठन कर आंदोलन की चेतावनी दी थी।पीएचसी पिलखी के उच्चीकरण को लेकर प्रशासन की ओर से सोमवार को भूमि की नाप की गई। उच्चीकरण के लिए तय 20 नाली मानक के सापेक्ष अस्पताल के कब्जे सहित कुल भूमि 28 नाली आंकी। वहीं स्थानीय ग्रामीण नत्थीलाल शाह और रोशन लाल ने समिति को अस्पताल उच्चीकरण में भूमि कमी पड़ने पर अपनी भूमि दान देने की बात कही। समिति के अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल ने बताया कि अस्पताल उच्चीकरण के लिए पर्याप्त भूमि है। अब सरकार को बिना देरी किए कार्य शुरू करवाना चाहिए।

### डीएम से की फर्जी भुगतान की शिकातय

नई टिहरी। जल जीवन मिशन योजनाओं के तहत प्रतापनगर के ओण और रैण पट्टी में 27 गांवों की पेयजल योजना में जल संस्थान पर कई गांवों में फर्जी भुगतान का आरोप लगाते हुए प्रधानों ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिस पर डीएम ने एसई जल संस्थान को स्वयं जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के कड़े निर्देश दिए। सोमवार को प्रतापनगर ब्लाक के भेलुंता के प्रधान दिनेश जोशी, चौंधार प्रधान बिरखोधर, ग्वाड़ प्रधान नीरज रावत, प्रधान खोलगढ़ बल्ला चंद्रमोहन आर्य, नकोट प्रधान विजेंद्र सिंह और गजेंद्र रावत ने डीएम मयूर दीक्षित को मिलकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से डीएम को अवगत कराया गया कि प्रतापनगर पंपिंग योजना के तहत सरकार की चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना के तहत नई पेयजल लाईन बिछाये जाने के मामले में कई ग्राम पंचायतों में फर्जी भुगतान किया गया है।

### प्रधान संगठन ने एक राज्य एक पंचायत चुनाव की मांग की

नई टिहरी। जिला प्रधान संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव लागू करने की मांग की है। जिला प्रधान संगठन ने ज्ञापन में बताया है कि उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है। जबकि पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली कमेटी ने देश में एक देश एक चुनाव पर अपनी सिफारिश पेश कर दी है। जिसका सभी पंचायत प्रतिनिधि स्वागत करते हैं। बताया कि दो साल के कोविड काल में पंचायतों को न बजट मिला, न कार्य करने का मौका। जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए और पंचायत प्रतिनिधि अपनी भावनाओं के अनुरूप कार्य भी नहीं कर पाए। कोविड को देखते हुए दो साल का कार्यकाल पंचायत कार्यकाल से न जोड़ा जाय। इसलिए केंद्र व राज्य सरकार आपसी समन्वय से एक पंचायत चुनाव के तहत सभी पंचायतों का चुनाव हरिद्वार के साथ करवाया जाय। इस मांग को लेकर ठोस निर्णय न लेने पर पहली जुलाई को पंचायत प्रतिनिधि प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

### जनता मिलन कार्यक्रम में कुल 37 शिकायतें दर्ज

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कुल 37 शिकायतें दर्ज हुई। उन्होंने अधिकारियों को समय से समस्याएं हल कर आवेदनकर्ताओं को भी सूचित करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम सौड़ जड़ीपानी निवासी जयवीर नेगी ने जबरन उनकी भूमि को नापने और जानमाल का खतरा होने की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम टिहरी को तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट मांगी। ग्राम कांडा की सरमती देवी ने मां की मृत्यु के बाद ग्राम फैगुल की भूमि का दाखिल खारिज उनके और बहनों के नाम करवाने की मांग पर एसडीएम को नियमानुसार प्रकरण हल करने को कहा। मठियाण गांव के ग्रामीणों ने गांव में भूमि, बिजली संयोजन के बावजूद मोबाइल टावर स्थापित न करने की शिकायत पर डीएम ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को बीएसएनएल के साथ समन्वय बनाकर अपडेट रिपोर्ट मांगी।

### बारिश के बाद गिरा पारा, गर्मी से मिली राहत

अल्मोड़ा। उमस भरी गर्मी से परेशान चल रहे लोगों ने सोमवार को बड़ी राहत की सांस ली। सोमवार दोपहर बाद अल्मोड़ा में झमाझम मेघ बरसे। इससे एकदम पारा गिरा और ठंडी हवाएं बहने लगी। पिछले काफी समय से सूरज की तेज तपिश के चलते लोग गर्मी से परेशान चल रहे थे और बारिश का इंतजार हर किसी को था। आखिर इंद्रदेव ने सुनी और दिन में नगर में झमाझम बारिश हुई। जिससे तापमान गिरा और उमस भरी गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की। आसमान में बादलों के डेरे से और बारिश होने के आसार लगाए जा रहे हैं।

# सूख रहे जलस्रोतों एवं जलधाराओं का जल्द से जल्द करें चिन्हीकरण : आनन्द बर्द्धन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 25 जून, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण (SARRA) उत्तराखण्ड की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति (SLEC) की प्रथम बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि SARRA के गठन के उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए सभी सम्बन्धित विभाग आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावों को समिति से स्वीकृत कराने से पूर्व सभी सम्बन्धित विभागों को इसके प्रस्ताव भेज कर विभागों से टिप्पणियां ले ली जाएं।अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सूख रहे जलस्रोतों, नदियों एवं जलधाराओं का शीघ्रातिशीघ्र चिन्हीकरण कराते हुए उपचारात्मक कार्य शीघ्र शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना के मूल्यांकन के लिए मैकेनिज्म तैयार किया जाए, साथ ही, मूल्यांकन एवं निगरानी के लिए समर्पित स्टॉफ की तैनाती की जाए।





उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य एवं जिला स्तर पर प्राधिकरण के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों का श्रेणीकरण करते हुए प्रत्येक वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक कार्ययोजना अगले एक माह में तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि योजना को सफल बनाए जाने हेतु जन जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आमजन में वर्षाजल को संरक्षित कर नदियों एवं जलस्रोतों के पुनर्जीवन के लिए आमजन में जन-जागरूकता सहित सक्रिय भागी

उन्होंने परियोजनाओं के लिए जनपदों को समय पर बजट आबंटित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन के लिए कैलेण्डर तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए।बैठक के दौरान समिति द्वारा प्रथम चरण में दीर्घावधिक उपचार हेतु प्रदेश की 5 नदियों सौंग (देहरादून-टिहरी), पूर्वी एवं पश्चिमी नयार (पौड़ी), शिप्रा (नैनीताल) एवं गौड़ी (चम्पावत) को चयनित किया गया। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (SARRA) श्रीमती नीमा ग्रेवाल ने बताया कि प्रदेश में अप्रैल 2024 से अगस्त 2024 तक जल संरक्षण अभियान आयोजित किया जा रहा है, साथ ही 10 जून से 16 जून 2024 तक जल उत्सव सप्ताह का भी आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में उपचार हेतु अभी तक कुल 5428 जलस्रोत चिन्हित किए गए हैं। इस अवसर पर राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्यों सहित सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# गले लगाने के भी पैसे लेती है महिला, घंटे भर में वसूलती है 7400, ग्राहकों की लगी रहती है लाइन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : दुनिया में तरह-तरह की नौकरियां हैं, जो लोग अपने लिए चुनते हैं. कुछ लोगों की नौकरी काफी डिमांडिंग होती है और उन्हें अपना अच्छा-खासा वक्त इसमें खपाना पड़ता है. वहीं कुछ लोगों की नौकरी ऐसी भी होती है, जिसमें उन्हें शारीरिक मेहनत कम और जज़्बात ज्यादा दिखाने पड़ते हैं. एक ऐसी ही नौकरी है प्रोफेशनल कडलर की, जिसमें लोग प्यार और सुकून पाने के लिए पैसे खर्च करते हैं। हमारे देश में लोग हर चौथी बात पर एक-दूसरे के गले लग जाते हैं. खुशी हो या गम, एक झप्पी हर हालात का इलाज कर देती है. हालांकि आपको जानकर हैरानी होगी कि विदेशों में प्यार की झप्पी भी पैसे देने के बाद ही मिलती है. अनिको रोज़ नाम की महिला यही काम करती हैं क्योंकि वे प्रोफेशनल कडलर हैं, जो लोगों को गले लगाकर उन्हें सुकून का एहसास कराती हैं।

घंटे भर में कमाती है 7400 रुपये

अनिको रोज़ नाम की महिला सिर्फ लोगों को गले लगाकर अच्छे पैसे कमा रही है. अमेरिका के मैनचेस्टर की रहने वाली ये महिला इसके ज़रिये कमाई कर रही है और उसके पास ग्राहकों की लाइन लगी रहती है. हर घंटे के लिए वो £70 यानि करीब 7400 रुपये लेती है. 42 साल की अनिको 3 साल से कडलिंग का काम कर रही हैं और उनका कहना है स्पर्श के ज़रिये मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है. इसके जरिये खुशियों का हार्मोन बनता है और इंसान को तनाव, अकेलेपन और उदासी से लड़ने में मदद मिलती है।

लव ड्रग देती है महिला !

अनिको का कहना है कि इस तरह की कडलिंग से ऑक्सीटोन हार्मोन रिलीज होता है, जिसे लव ड्रग कहा जाता है. ये क्लाइंट्स को प्यार और सुरक्षा की फीलिंग देता है. डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे हार्मोन की वजह से व्यक्ति खुश महसूस करने लगता है. अनिको एक प्रोफेनशल कडल थैरेपिस्ट हैं और उन लोगों की मदद करती हैं, जो उदास रहते हैं. उनके पास आने वाले लोगों में 20 साल से लेकर 65 साल तक के क्लाइंट शामिल होते है. उनकी थेरेपी आमतौर पर 1 घंटे की होती है, जो एक आरामदेह कमरे में की जाती है. जो लोग इसे बढ़वाना चाहते हैं, उन्हें डिस्काउंट भी दिया जाता है।




# वैज्ञानिकों का कमाल, बना दिया ऐसा रोबोट, जिसे खा भी सकते हैं आप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : आपने ऐसी कई साइंस फिक्शन मूवीज देखी होंगी, जिनमें रोबोट दुनिया पर कब्जा कर लेते हैं. लेकिन अगर आप उन्हें खा लें, तो शायद ऐसा कर पाना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा. जाहिर है, पढ़कर आप सिर खुजलाने पर मजबूर हो गए होंगे कि आज हम आपसे ये कैसी बात कर रहे हैं.

दरअसल, बहुत जल्द वैज्ञानिकों का एक समूह पूरी तरह खाने योग्य रोबोट के साथ इसे हकीकत बना सकते हैं.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी लॉजेन के वैज्ञानिक इस दिशा में खूब माथापच्ची कर रहे हैं. इस टीम में वैगनिंगन यूनिवर्सिटी, ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी, इटैलियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नीदरलैंड सहित कई जगहों के एक्सपर्ट शामिल हैं. 'रोबोफूड' नाम के इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य खाद्य सामग्री से ऐसे रोबोट बनाना है, जो न केवल पोषण प्रदान कर सके, बल्कि विभिन्न परोपकारी मिशन में कारगर भी साबित हो सके। 'रोबोफूड' प्रोजेक्ट के तहत, वैज्ञानिकों का लक्ष्य यांत्रिक घटकों को



खाद्य विकल्पों से बदलना है. जैसे, जिलेटिन की जगह रबर, फोम के लिए चावल की कुकीज और नमी से बचाने के लिए चॉकलेट का इस्तेमाल किया जा सकता है.

रिपोर्ट के अनुसार खाने योग्य ड्रोन वैज्ञानिकों की पहली सफल परियोजनाओं में से एक है. यह ड्रोन चावल के केक, तेल और चॉकलेट से बना है. इसे 50% तक खाया जा सकता है. इसका उपयोग बचाव कार्यों में किया जा सकता है, जहां खोए हुए व्यक्ति या जानवर ड्रोन के खाने योग्य हिस्सों को खा सकेंगे. इसके अलावा 'रोबोफूड' के पास कुछ और मजेदार आइडियाज भी हैं. उन्होंने अपनी वेबसाइट पर ड्रोन द्वारा पिज्जा डिलीवर करने के विचार का भी उल्लेख किया है, जिसमें आप ड्रोन को मिठाई के रूप में भी एन्जॉय कर सकेंगे. बेशक, यह किफायती नहीं होगा, लेकिन कौन जानता है कि खाने योग्य रोबोट का भविष्य क्या होगा?

## देवप्रयाग में नीट मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन

नई टिहरी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने सोमवार को नीट और यूजीसी नेट परीक्षा पेपर लीक मामले में रोष जताया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार पर लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल के गेट पर जिलाध्यक्ष उत्तमसिंह असवाल के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट की अगुवाई में कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड सहित देश के अन्य राज्यों में लगातार पेपर लीक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जिस कारण प्रतियोगी परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं में निराशा का माहौल बना हुआ है। नीट के साथ ही यूजीसी नेट पेपर लीक मामला भी सामने आया है। परन्तु अभी तक मोदी सरकार ने कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे स्पष्ट होता है कि यह पूरा मामला मोदी की सरकार के इशारे पर हुआ है। नीट एवं यूजीसी नेट पेपर लीक होने से गरीब और मेहनत करने वाले बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ केन्द्र सरकार ने सीधा खिलवाड़ किया हैं। जिसे कांग्रेस पार्टी सहन नहीं करेगी। निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता परीक्षाएं कराने में लगातार असफल रही केंद्र सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। कहा कि एनटीए (राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसी) प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्षता एवं पवित्रता के साथ कराने में असफल रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष आईटी सेल आशीष पंवार, डॉ. जितेंद्र उनियाल, पूर्णानंद रतूड़ी, यशपाल चौहान, राजेंद्र भंडारी, राजेंद्र सिंह रावत, रंभा लाल, भगवान दास, सुमित, कृष्णा, ध्रुव नारायण, सूबेदार रूकम सिंह, दिनेश आदि शामिल रहे।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत निकाली जागरूकता रैली

अल्मोड़ा। एसएसबी जवानों ने नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत निकाली जागरूकता रैली निकाली। उप महानिरीक्षक डी एन भोम्बे की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल कैम्पस से एनटीडी होते हुए अल्मोड़ा बाजार तक निकाली गई। रैली में जवानों द्वारा नशा मुक्त के नारे लगाए गए तथा स्थानीय लोगों को नशा छोड़ने के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मनोज सनवाल (द्वितीय कमान अधिकारी), फूल सिंह मीणा सहायक कमांडेंट, नवजित दास सहायक अभियंता, सुरेश पाल सहायक कमांडेंट/लिपिकवर्गीय एवं अधीनस्थ अधिकारी व सभी जवान उपस्थित रहे।

# उत्तरकाशी : रवांई घाटी की ऐतिहासिक डांडा की जातर, 100 गावों के लोगों का अनोखा अनुष्ठान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी 25 जून : समुद्रतल से करीब साढ़े सात हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित देवराणा में असाढ़ माह में डांडा की जातर मेला होता है और जो की 65 गांव के आराध्यदेव रुद्रेश्वर महाराज के नाम से आयोजित किया जाता है।उत्तरकाशी जिले में नौगांव ब्लाक में देवराणा बेहद रमणीक स्थल है और यह चारों तरफ से देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है।

यहाँ पर सदियों पुराना रुद्रेश्वर महाराज का मंदिर है और यहां प्रति वर्ष मेला लगता है, यह रंवाईघाटी का सबसे बड़ा मेला है। देवराणा में असाढ़ माह में 65 गांव के आराध्य रुद्रेश्वर देवता के नाम से सामूहिक डांडा की जातर होती है, जिसमें हजारों संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। जो अपने आराध्य देव के दर्शन कर उन्हें हरियाली चुनरी और श्रीफल चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगते हैं।बीते दिन यह मेला शुरू हो गया है परंपरा के अनुसार अपराह्न चार बजे देव माली बालक राम नौटियाल ने मंदिर के ऊपर बने लकड़ी के शेर की पीठ पर चढ़कर मूर्ति को दूध से स्नान कराया।

इसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं को दर्शन करवाए और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। बीते दिन शुरू हुए मेले की श्रृंखला में देव पालकी एक माह तक गांव भ्रमण कर रात्री विश्राम करेगी। इस दौरान ग्रामीणों को एक साथ रुद्रेश्वर देवता, बाबा बौखनाग, महासू महाराज, धर्मराज युधिष्ठिर और माता नाटेश्वरी की पांच देव मूर्तियों के दर्शन होंगे। इन पांचों मूर्तियों को पालकी के अंदर चांदी की घिल्टी में सजाकर दर्शन के लिए रखा जाता है।





# महाराज ने किये ओल्ड लिपुलेख पास से कैलाश के दर्शन

■ पहली बार प्रदेश सरकार का कोई मंत्री पहुंचा 18000 फीट की ऊंचाई पर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज प्रदेश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने जनपद पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड लिपुलेख पास की 18000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच कर कैलाश के दर्शन कर उत्तराखंड आने वाले शिव भक्तों को संदेश दिया है कि देवाधिदेव महादेव के निवास कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए अब उन्हें चीन जाने की आवश्यकता नहीं है।

प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण के तहत धारचूला, गुंजी नाभीढांग (ओम पर्वत) होते हुए सोमवार को जोलिंगकोंग पहुंचकर ओल्ड लिपुलेख पास की चोटी पर पहुंच कर देवाधिदेव महादेव भगवान शिव के निवास कैलाश के दर्शन कर पूजा अर्चना की। वह प्रदेश के पहले ऐसे मंत्री हैं जिन्होंने जनपद पिथौरागढ़ स्थित ओल्ड लिपुलेख पास की 18000 फीट की ऊंचाई पर पहुंच कर कैलाश के दर्शन कर उत्तराखंड आने वाले शिव भक्तों को संदेश दिया है कि उन्हें देवाधिदेव महादेव के निवास कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए चीन जाने की आवश्यकता नहीं है। अब वह भारत भूमि उत्तराखंड में आकर भी कैलाश के भव्य और दिव्य दर्शन कर सकते हैं। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत भी मौजूद रहीं।

महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 अक्टूबर 2023 की सुबह जब से आदि कैलाश के दर्शन किये तब से बड़ी संख्या में शिव भक्त जोलिंगकोंग पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी यही से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कर योग के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि 2019 से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद होने के कारण शिव भक्त कैलाश पर्वत के दर्शन नहीं कर पा रहे थे। इसलिए सरकार ने तय किया कि वह ओल्ड लिपू पास से उन्हें कैलाश के दर्शन करवायेंगी।

ओल्ड लिपुलेख पास की पहाड़ी के ऊपर से पवित्र कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शनों के दौरान श्री महाराज के साथ भारतीय सेना, आईटीबीपी और पुलिस के कई जवान भी मौजूद थे।

## कांवड़ मेले को लेकर पुलिस की तैयारियां शुरू

देहरादून। कांवड़ मेले को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा के लिए हरिद्वार,पौड़ी,टिहरी और देहरादून के सभी इंटर स्टेट बार्डर चेकपोस्टों पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इसके अलावा सभी बस व रेलवे स्टेशनों पर भी कैमरे लगाए जाएंगे। सोमवार को एडीजी कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने पुलिस और रेलवे के अधिकारियों की बैठक में ये निर्देश दिए। एडीजी ने निर्देश दिए कि इन चारों जिलों में कांवड़ के लिए लगने वाले पुलिस बल का आंकलन कर समय से जरूरत भेज दी जाए। इसके अलावा उन्होंने पूरे कांवड़ मेला क्षेत्र को जोन, सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा करने को भी कहा। कावंड़ मेले के दौरान पूर्व में घटित हुई घटनाओं और यातायात की समस्याओं का अवलोकन कर उनके निराकरण के लिए उपाय करने की भी बात एडीजी ने कही। उन्होंने पूर्व में कांवड़ मेले के बोटलनेक्स प्वाइंट पर नियुक्त अधिकारियों का भी फीडबैक लेकर वहां सुरक्षा व यातायात व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए विशेष रुप से कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील कस्बों व मौहल्लों और ग्रामों में विशेष सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिए।

## चौखुटिया पुलिस टीम ने बुजुर्गों का जाना हाल

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस की थाना चौखुटिया टीम ने एकल बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों के द्वार जाकर उनका हाल-चाल जाना व हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत एकल बुजुर्गों व वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को थानाध्यक्ष चौखुटिया जसविंदर सिंह के नेतृत्व में चौखुटिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों में जाकर अकेले रहने वाले एकल बुजुर्गों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त की गई तथा उन्हें थाना चौखुटिया के सम्पर्क नम्बर व हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर जानकारी दें। बुजुर्ग व वरिष्ठ नागरिकों ने चौखुटिया पुलिस की सराहना कर आभार व्यक्त किया।

## वरिष्ठ भाजपा नेता बलवंत गैड़ा का निधन, जताया शोक

अल्मोड़ा। धौलादेवी विकास खंड के पनुवानौला निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता बलवंत सिंह गैड़ा (58) का रविवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। सोमवार को दंडेश्वर धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है, वह एक सामाजिक, मृदुभाषी व सरल स्वभाव व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन को भाजपा व व्यापार मंडल पनुवानौला ने अपूर्णीय क्षति बताया। उनके निधन पर भाजपा, व्यापार मंडल, स्कूल प्रबंधन समिति व विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठनों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

स्व बलवंत गैड़ा वर्तमान में गाँधी इंटर कॉलेज पनुवानौला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थे व पूर्व में भाजपा धौलादेवी मंडल के मंडल अध्यक्ष, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पनुवानौला आदि विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। उनके निधन पर जागेश्वर के विधायक मोहन सिंह माहरा, रघुनाथ सिंह चौहान, कैलाश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह पिलखवाल, सुभाष पांडे, गौरव पांडे, कुन्दन लटवाल, रवि रौतेला, महेश नयाल, अरविंद बिष्ट, चंदन सिंह मेहरा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चरस के साथ एक आरोप दबोचा

हरिद्वार। रानीपुर पुलिस ने 731 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने चिन्मय चौक के पास एक युवक को रोकना चाहा लेकिन वह भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से 731 ग्राम चरस बरामद हुई। कोतवाली लाकर पूछताछ में युवक ने अपना नाम किरण कश्यप निवासी ग्राम अजीतपुर कनखल बताया। आरोपी के कब्जे से इलेक्ट्रोनिक तराजू भी बरामद हुआ है।

### सीवर जाम की समस्या से क्षेत्रवासियों को मिलेगी निजात

हरिद्वार। उत्तराखंड जल संस्थान (गंगा प्रदूषण नियत्रंण इकाई) ने स्वतः मुनि उदासीन आश्रम वाली गली और अखण्ड गीता मन्दिर के समीप सीवर लाइन सफाई व क्षतिग्रस्त सीवर पाइप व चैम्बरों की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ किया। निवर्तमान पार्षद अनिरुद्ध भाटी के प्रस्ताव पर काम शुरू किया गया है। भाटी ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती आबादी और तीर्थ यात्रियों के भारी दबाब के चलते क्षेत्र की सीवर लाइन अनेक स्थानों पर चोक होकर ओवर फ्लो हो रही थी। क्षतिग्रस्त सीवर पाइप और चैम्बरों के चलते स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर भारी संख्या में आश्रम, धर्मशाला और होटल हैं। इस मौके पर गंगा प्रदूषण नियत्रंण इकाई से राजकुमार यादव, नरेन्द्र गुप्ता, जसवीर, आदित्य राणा, गुरुदेव राणा, नीलमणि पाठक, सुखेन्द्र तोमर, दिनेश शर्मा, भाजपा वार्ड अध्यक्ष नीरज शर्मा, गोपी सैनी, राघव ठाकुर, रुपेश शर्मा, विक्की प्रजापति, सोनू पंडित, हरीश साहनी, नाथीराम प्रजापति, उमेश पाण्डेय, रवि पाण्डेय, प्रकाशवीर, जसवीर सिंह, आदित्य यादव आदि शामिल रहे।

### आप ने नालों की सफाई के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी ने बरसाती नालों की सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। पार्टी ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से डीएम और स्वास्थ्य विभाग को ज्ञापन भेजकर 60 वार्डों में कूड़ा निस्तारण और सरकारी नालों की सफाई की मांग उठाई। आप की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता हेमा भंडारी ने कहा कि मानसून अपने प्रारंभिक दौर में है और सरकारी नाले अभी तक साफ नहीं हुए हैं। इसके चलते बरसात में नालों का गंदा पानी शहरी क्षेत्रों में आने से दुकानों और मकानों में भारी नुकसान होने की आशंका है। इससे मानसून के बाद मलेरिया और डेंगू जैसे गंभीर बीमारी के फैलने की आशंका है। आप के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर जल्द से जल्द कूड़ा निस्तारण और नालों की सफाई को लेकर ज्ञापन दिया।

### रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव में किसानों को बारिश से फायदा पहुंचा है। धान की फसल के लिये बारिश जीवनदायिनी साबित होगी। क्षेत्र में रुक रुक कर हुई बारिश से किसानों के चहरे खिले नजर आये। वहीं, ग्रामीणों को भी गर्मी से काफी राहत मिली है। पथरी क्षेत्र के गांव घिस्सुपुरा, धनपुरा, कटारपुर, चांदपुर, बहादरपुर जट, किशनपुर, पदार्था, रानीमाजरा, शाहपुर आदि गांवों में धान लगाया जा रहा है। किसान राम नरेश, बबलू, विजय सैनी, ग़ालिब हसन, रमेश कुमार, नितिन चौहान, राहुल सैनी, पुरषोत्तम सैनी ने बताया पिछले एक सप्ताह से धान की फसलों के लिये खेतों में सिंचाई की जरूरत थी। लेकिन बारिश नहीं होने से खेतो में तरावट की कमी होने लगी थी। सोमवार को हुई हल्की बारिश किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई।

### धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

हरिद्वार। सिक्ख समाज के 6वें गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व सोमवार को निर्मल संतपुरा आश्रम के गुरुद्वारे में धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे अरदास कर माथा टेका। इस दौरान अमृतसर कीर्तन काउंसिल द्वारा महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें गुरबिंदर सिंह, संतोख सिंह, मंगत सिंह, भूपेंद्र सिंह और सरबजीत कौर ने अपने कीर्तन से सभी को निहाल किया। संतपुरा आश्रम के अध्यक्ष संत जगजीत सिंह शास्त्री ने गुरु हरगोबिंद साहिब की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब 11 वर्ष की आयु में गुरु बने। गुरु हरगोबिंद साहिब महान बौद्धिक उपलब्धि वाले व्यक्ति थे। उन्हें कई भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने कमजोर लोगों को जुल्म के खिलाफ लड़ना सिखाया।

### 27 जून को प्रेक्षक की अध्यक्षता में होगी चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों संग बैठक

चमोली। आरओ बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा उप चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर 27 जून को मा0 प्रेक्षक महोदय की अध्यक्षता में बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को 27 जून को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय सभागार में स्वयं या अपने मुख्य निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होने को कहा है।

# उत्तराखंड : कोल्ड-स्टोरेज में 500 करोड़ का निवेश करेगा अडानी ग्रुप, स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 25 जून : अडानी समूह ने प्रदेश में 500 करोड़ का प्रस्तावित निवेश करने के लिए बीते रविवार को गणेश जोशी से मुलाक़ात की और मंत्री ने सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन देते हुए मामले में शीघ्र कार्यवाही का वादा किया। इससे प्रदेश के किसानों को अनाज और फलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी।देश के जाने माने अडानी समूह ने उत्तराखंड में निवेश करने का फैसला किया है और उन्होंने रविवार को इस बारे में कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाक़ात की तथा उद्यान के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं के दृष्टिगत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की साथ ही अडानी ग्रुप के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स (नार्थ) आनंद सिंह भसीन ने बताया कि अडानी समूह प्रदेश में कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में पांच सौ करोड़ रुपये के निवेश का इच्छुक है।

इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां और कृषि जलवायु क्षेत्र विभिन्न बागवानी फसलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं। राज्य में बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की अनुकूल नीतियों के कारण आज देश दुनिया के निदेशक उत्तराखंड में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं।अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यहाँ पर कौशल विकास सेंटर खोला जाएगा, इससे प्रदेश के किसानों को अनाज और फलों के दीर्घकालिक भंडारण की सुविधा मिलेगी, जिससे उपज को खराब होने से बचाया जा सकेगा, राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश की योजना है। दक्ष मानव संसाधन के विकास के लिए प्रदेश में कौशल विकास केंद्र खोले जाएंगे, इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और साथ ही उन्हें कौशल विकास से उद्योगों में नौकरी का मौका मिलेगा। इस मौके पर अडानी ग्रुप के महाप्रबंधक आरके पांडे के साथ, उत्तराखंड जैविक बोर्ड के प्रबंध निदेशक विनय कुमार भी मौजूद थे।





# AI से चलेगा ये फ्रिज, बताएगा किसने खा लिया आपके हिस्से का खाना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय में बेहद जरूरी हो चुका है. अलग-अलग क्षेत्रों में आप AI का इस्तेमाल होते हुए देख लेंगे. अब तो लोग सोशल मीडिया पर वीडियोज तक एआई की मदद से बनाने लगे हैं. मशीनों में एआई शामिल होने लगा है. इन दिनों एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाली फ्रिज (AI fridge) के खूब चर्चे हैं, जो फैमिली में काफी काम आने वाली है. वो ऐसे कि ये फ्रिज आपको बता देगी कि आपके हिस्से का सामान कौन चट कर गया !एक रिपोर्ट के अनुसार आधुनिक फ्रिज एआई से चलेंगे जो बेहद स्मार्ट होंगे.

रिपोर्ट के मुताबिक सैमसंग (Samsung AI fridge) कंपनी ने भी ऐसे फ्रिज को 3 अप्रैल को लॉन्च किया है जो एआई से चलती है. ये लोगों को बता देगी कि फ्रिज में रखने वाली ग्रॉसरी कब खत्म होने वाली है और किसने चोरी से आपकी बियर पी ली या फिर बचा हुआ खाना चट कर दिया. ये आपके फोन पर बजने वाली कॉल को भी उठा लेगा.दरअसल, ये फ्रिज बता देगा कि किस वक्त खाने को हटाया गया है, जिसे आपने अपने लिए फ्रिज में रखा होगा. ये फ्रिज सुपरमार्केट से सामान ऑर्डर कर देगी, किचन में गाना बजा देगी और ये भी दिखा देगी कि दरवाजे पर घंटी कौन बजा रहा है. इन सारी चीजों से लोगों के पैसों की बचत भी काफी हो सकती है. फ्रिज बता देगी कि उसमें रखे सामान कब खत्म हो रहे हैं, जिससे घर का मालिक सामान को खरीद सकता है. सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो ये है कि ये AI वाली फ्रिज, अंदर रखी खाने की चीजों को मिलाकर खाने की कोई खास रेसपी भी सुझाव में दे देगी. ब्रिटेन में सैमसंग की डिजिटल अप्लायंस विभाग की डायरेक्टर तान्या वेलर का कहना है कि करीब 50 साल पहले कंपनी द्वारा पहला फ्रिज लॉन्च किया गया था. उसके बाद से कंपनी ने इनोवेशन के अपने पैमानों को हमेशा आगे ढकेला है. उनका कहना है कि ये तकनीक का नया दौर है. एआई की मदद से लोग पैसे और बिजली ही नहीं, खाने की बर्बादी को भी रोक सकते हैं. इस तरह हर घर के ऊपर का भार भी कम हो जाएगा.

# आखिर ट्रेन ड्राइवर को क्यों पकड़ाया जाता है लोहे का छल्ला

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : रेल गाड़ी में सफर के दौरान अक्सर पैसेंजर को रेलवे से जुड़ी नियम और पुरानी बाते जानने को मिलती रहती है। जहाँ अकसर देखते होंगे जब भी रेलगाड़ी स्टेशन पर आती है। तब आप देखते होंगे रेलवेकर्मी प्लेटफॉर्म पर खड़ा होकर रेल के ड्राइवर को लोहे का छल्ला देता है। जहाँ इसे देखने के बाद कई लोगो के जहन में आता होगा कि आखिर ये क्या चीज है और किस काम आती है ?आपकी जानकारी के लिए बता दे कि यह टोकन एक्सचेंज सिस्टम है। हालांकि, इसका चलन अब धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है, परन्तु देश के कई हिस्सों में आज भी इसका उपयोग किया जाता है। ट्रेन के ड्राइवर को दिए जाने वाला यह लोहे का छल्ला, टोकन एक्सचेंज सिस्टम कहलाता है। आगे हम आपको इस बारे में विस्तार से बताएंगे।आपकी जानकारी के लिए बता दे कि टोकन एक्सचेंज सिस्टम का उपयोग ट्रेनों के सुरक्षित और बेहतर परिचालन के लिए किया जाता है। यह तकनीक अंग्रेजों के जमाने से चलती आ रही है। आज से पहले ट्रेन ट्रैक सर्किट नहीं हुआ करते थे। अब ऐसे में टोकन एक्सचेंज सिस्टम के द्वारा ही रेलगाड़ी सुरक्षित तरीके से सफर तय कर रेलवे स्टेशन पर अपनी यात्रियों को लेते हुए पहुँचती थी।आज से पचास -साठ वर्ष पूर्व रेलवे के पास वर्तमान समय की तरह मॉर्डन टेक्नोलॉजी नहीं थी। इसलिए कई तरीकों का उपयोग कर रेल सुरक्षित स्टेशन पर पहुँचती थी। शुरुआत में केवल सिंगल और छोटा ट्रैक हुआ करता था। जहाँ दोनों तरफ से आने -जाने वाली रेलगाड़ियों को एक ही ट्रैक पर चलाया जाता था। ऐसी स्थिति में ट्रेनों की टक्कर की घटनाओं को रोकने के लिए टोकन एक्सचेंज सिस्टम का उपयोग किया जाता था। इस स्टील रिंग में एक बॉल होता है, जिसे रेलवे की भाषा में टेबलेट कहा जाता है। इस बॉल को स्टेशन पर लगे 'नेल बॉल मशीन' में डाला जाता है। हालांकि, अब टोकन एक्सचेंज सिस्टम के स्थान पर ट्रैक सर्किट का उपयोग किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पंचायत के नल का खेत मालिक कर रहा निजी उपयोग

हरिद्वार। सलेमपुर-रोशनाबाद के ग्रामीणों ने जिला पंचायत से शिकायत कर आरोप लगाया कि रोशनाबाद मार्ग पर लगाए नल का एक खेत मालिक निजी उपयोग कर रहा है। नल का राहगीरों को फायदा नहीं मिल रहा है। जिला पंचायत सदस्य पिकी कृष्ण जाटव ने बताया कि नल के व्यक्तिगत उपयोग को लेकर गांव वालों से जानकारी ली जाएगी। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भुवन चंद छिमवाल ने कहा कि मामला उनकी जानकारी में नही हैं। इसका पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

### पथरी जंगल मे स्थित काठा पीर दरगाह का समापन आज

हरिद्वार। विश्व प्रसिद्ध दरगाह शाह मोहम्मद शाह उर्फ काठा पीर के मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। मेले में जायरीन बाबा की दरगाह पर गुड़ की भेली चढ़ाकर मन्नतें मांग रहे हैं। मेले का आगाज 20 जून को पहली रोशनी के साथ हुआ। तहसील प्रशासन की देखरेख में मेला चल रहा है। प्रसिद्ध दरगाह पर गुड़ की भेली का प्रसाद चढ़ाया जाता है। दरगाह पर सालाना उर्स धूमधाम के साथ मनाया रहा है। मेले में आसपास व दूरदराज से जायरीन आते हैं। मेले में बाबा की सेवा के लिये कई लोग आगे आकर निःशुल्क सेवा करते हैं। ऐसे में मेले के अंदर जादूगर, झूले, पालने में लोग मनोरंजन करने में लगे हैं। घिस्सुपुरा के समाज सेवी सलीम अहमद अपने खर्च से मेले में आने वाले जायरीनों के लिए चाय-पानी की व्यवस्था करते हैं। प्रभारी एसडीएम जितेंद्र कुमार ने कहा पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि मेले में हुड़दंग करने वालों के साथ सख्ती बरती जाए। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया कि मेले में पुलिस चौकी बनाई गई है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 26 जून , 04 जुलाई व 08 जुलाई को होगा प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टरों का मिलान

चमोली। आरओ बद्रीनाथ राजकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन को निष्पक्ष ढंग से संपादित किए जाने को लेकर बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टरों का तीन चरणों में मिलान किया जाना है। पहला 26 जून को, दूसरा 04 जुलाई व तीसरा 08 जुलाई के कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बद्रीनाथ विधानसभा के चुनाव लडने वाले सभी प्रत्याशियों को निर्धारित तिथियों को निर्वाचन व्यय रजिस्टर मूल रूप में व निर्वाचन व्यय से संबंधित वाउचर, बैंक खाता स्वयं या अपने अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय संबंधित लेखा प्रस्तुत न करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

### पौड़ी में हल्की बारिश से मिली राहत

पौड़ी। पौड़ी में सोमवार को मौसम का मिजाज सुबह से ही बदला रहा। मुख्यालय पौड़ी सहित बीरोंखाल,एकेश्वर, नैनीडांडा आदि इलाकों में हल्की बारिश ने भीषण गर्मी से कुछ राहत दे दी। वन विभाग ने भी इस बारिश से राहत की सांस ली है। हालांकि पेयजल योजनाओं के स्रोतों पर डिस्चार्ज पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। पौड़ी शहर को पानी सप्लाई करने वाली नानघाट पेयजल योजना का भी डिस्चार्ज अभी कम ही है। इस योजना पर भीषण गर्मी की वजह से कारीब 36 एलपीएम पानी कम हो गया था। 2 एमएलडी के बजाए इन दिनों योजना से करीब डेढ़ एमएलडी पानी ही मिल पा रहा है। जिसके कारण शहर भी पानी का संकट है। वहीं दूसरी ओर बीरोंखाल ब्लाक में भी पेयजल संकट है। सोमवार को भी यहां जलसंस्थान ने जोगीमढ़ी और वेदीखाल क्षेत्रों में टैंकरों से पानी दिया। जलसंस्थान के अफसरों के मुताबिक हल्की बारिश ने पानी की डिमांड कुछ कम जरूर कर दी। पिछले दो महीने से जलसंस्थान बीरोंखाल क्षेत्र में टैंकर से पानी दे रहा है। जलसंस्थान के एसई पीके सैनी ने बताया कि पेयजल योजनाओं पर पानी का डिस्चार्ज पर इस बारिश का कोई असर अभी तक नहीं है। इसके लिए बारिश तेज चाहिए अभी कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई है। हालांकि गर्मी कम हो जाने से डिमांड में कुछ कमी आई है।

### सतपुली व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

पौड़ी। व्यापार मंडल सतुपली की प्रबंधकीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसको लेकर सतपुली में बैठक का आयोजन किया गया। व्यापार मंडल के चुनाव के बाद यह पहली बैठक हुई। बैठक में पुरानी प्रबंधकीय कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जानकारी दी गई कि सभी के आईडी कार्ड बनाए जाएंगे। बाहर से आने वाले व्यापारी से टैक्स काटा जाएगा। नई प्रबंधकीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष आनन्दमणी बलूनी, उप कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सिंह रावत, उप सचिव मो. आलम, प्रचार मंत्री डब्बल सिंह मियां सहित सदस्य गिरिराज माहेश्वरी, पवन गुप्ता, सोमेश शर्मा, मनोज चंद, संदीप डोबरियाल, कमलेश डुकलान, चंद्र मोहन को बनाया गया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेंद्र नेगी, प्रेम सिंह रावत, सतीश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, राकेश कुमार, पुष्पेन्द्र राणा, जायेद सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# प्रोटीन का पावर हाउस है यह दाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 25 जून : दाल तो आपने कई तरह की बनाकर खाई होंगी, लेकिन आज हम आपको एक ऐसी दाल के बारे में बताने वाले हैं, जिसके फैन खुद सद्गुरु भी हैं. उन्होंने अभी हाल ही में चेन्नई में आयोजित एक इवेंट में बताया कि कुर्थी की दाल उनकी फेवरेट है और वह अक्सर इस दाल का सेवन करते हैं, क्योंकि यह दाल प्रोटीन का खजाना है और इसे प्रोटीन का पावर हाउस भी कहते हैं. लोगों को उन्होंने इस दाल को खाने की सलाह भी दी है।

दरअसल, कुर्थी की दाल एक झारखंडी दाल है जो खासकर झारखंड के कोल्हान प्रखंड में पाई जाती है. यहां पर इस दाल की खेती की जाती है. आदिवासी लोग हर दोपहर इसे चावल के साथ अपनी डाइट में जरूर शामिल करते हैं.

यह आदिवासियों के फेवरेट व्यंजन में से एक है. खाने में भी टेस्ट लाजवाब है, लेकिन टेस्ट के साथ-साथ इसके फायदे भी जबरदस्त है। इस दाल को खासकर डिज्नीलैंड मेले में बेचने आई मीणा बताती हैं कि हम आदिवासियों के बीच ये दाल लोकप्रिय है. हम हर दिन बनाकर खाते हैं, क्योंकि यह खाने में बाकी दलों से काफी अलग और टेस्टी लगती है. इसको बनाने का तरीका भी थोड़ा अलग है. दो गोटा टमाटर दाल में डाल दें और फिर उसे बाद में निकाल कर अच्छे से हाथ से मैश कर लें और दाल में मिला दें, फिर देखिए इसका कितना जबरदस्त स्वाद आएगा। उन्होंने आगे बताया कि यह दाल जब बनती है तो कम से कम 10-12 घर तक इसकी महक चली जाती है. दूर से ही पता चल जाता है कि इस घर में कुर्थी की दाल पक रही है. अगर किसी को कोई कमजोरी होती है या हीमोग्लोबिन कम होता है, तो दवाई की जगह सुबह शाम इसी दाल को हम लोग पीते हैं. इससे शरीर को जबरदस्त ताकत मिलती है. सर्दी खांसी व छोटी-मोटी बीमारियां नहीं होती हैं.

## संपादकीय



## क्या एनटीए 'महाघोटाला' है?

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटके हैं, ये मुद्दे यहीं तक सीमित नहीं हैं। एनटीए एक भ्रष्टाचारी और कदाचारी नेटवर्क की सांठगांठ का 'महाघोटाला' है। पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नीट परीक्षा से कुछ दिन पहले भी एनटीए की ऑनलाइन खिडक़ी खोली गई थी, ताकि वे परीक्षा के लिए अपने पंजीकरण करा सकें। उस दौर में 24,000 से अधिक पंजीकरण कराए गए। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि फरवरी और मार्च में एनटीए की खिडक़ी खोली गई थी, तब इन लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं कराया? नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? यह घोर दंडनीय अपराध है। नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? उम्र भी फिसल रही है, लिहाजा नौकरी की भी अनिवार्यता है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महाविशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर पेपरलीक और उनके पीछे के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। सीबीआई जांच का निष्कर्ष क्या होगा और कब आएगा, वह भी अनिश्चित है। केंद्र सरकार ने एक कानून भी लागू किया है। बेहद गंभीर सवाल है कि अनिश्चितताओं के इस दौर में युवा छात्रों का क्या होगा? नीट के अभ्यर्थी भी विभाजित हैं। क्या सफल युवाओं को उनके मेडिकल कॉलेज आवंटित किए जाएंगे या नीट परीक्षा का परिणाम ही रद्द कर दिया जाएगा और परीक्षा दोबारा होगी? यदि समिति और अदालत के अलग-अलग निर्णय सामने आते हैं, तो फिर युवा अभ्यर्थी क्या करेंगे?

## विकसित भारत की संकल्पना से रूबरू हुए प्रशिक्षु शिक्षक

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में चल रहीं कार्यशाला के तीसरे दिन कुमाऊं विवि के वाणिज्य संकाय से रिटायर प्रो केसी जोशी ने एमएड व बीएड प्रशिक्षुओं को विकसित भारत 2047 की संकल्पना, लक्ष्यों और उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक कार्यकलापों, शैक्षिक प्रबंधन और उसके क्रियान्वयन की जानकारी दी। सोमवार को शिक्षा संकाय में आयोजित कार्यशाला के पहले सत्र में संकायाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षुओं को खत्याड़ी ग्राम सभा में सर्वेक्षण के लिए भेजा गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने खत्याड़ी के ग्रामीणों की शिक्षा का स्तर, आर्थिक स्तर, सांस्कृतिक स्तर, तकनीकी ज्ञान, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण किया। इसके बाद विभागाध्यक्ष प्रो भीमा मनराल ने प्रशिक्षुओं से सामुदायिक समस्याओं की जानकारी लेकर विचार-विमर्श तथा समाधान की खोज करने का आह्वान किया। सहायक प्राध्यापक डॉ नीलम ने शिक्षार्थी जीवन में सामाजिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। समापन अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ संगीता पवार ने शैक्षिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सहभागिता पर चर्चा करते हुए उपस्थित अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन ललिता रावत ने किया। इस मौके पर डॉ नीलम कुमारी, डॉ ममता कांडपाल, डॉ संदीप पांडे, सरोज जोशी, मनोज आर्या, मनोज कार्की, अंकिता कश्यप, बीना लाल, दीपक खोलिया, आनंद राम आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जीईपी पर कार्यशाला 25 को

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में जीईपी पर एक कार्यशाला का आयोजन उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सकल पर्यावरण उत्पाद इंडेक्स आंकलन पर प्रस्तुतीकरण भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सचिवालय परिसर, देहरादून में आगामी 25 जून को पूर्वान्ह 11:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 25 जून को पूर्वान्ह 11:30 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में कांग्रेस ने सरकार के विरोध में की नारेबाजी

पौड़ी। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को कलक्ट्रेट के समीप कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सोमवार को प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि होनहार छात्रों के हितों पर सरकार कुठाराघात कर रही है। कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षाओं में हो रहे घोटालों और पेपर लीक के मामलों से स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार के संरक्षण में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेसियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश भंडारी, सरिता नेगी यशोदा नेगी नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत आदि शामिल रहे।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

पौड़ी। कोतवाली पुलिस पौड़ी ने रविवार देर शाम को सात पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को पिनानी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़ी गई शराब का बाजारी मूल्य करीब 40 हजार आंका गया है। पौड़ी कोतवाली के प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पाबौ चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिनानी निवासी चंद्रशेखर से 7 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। मामले में आरोपी के खिलाफ कोतवाली पौड़ी में आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी पौड़ी ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कामों संलिप्त है तो उसकी सूचना पुलिस को दे। पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान को लगातार जारी रखेगी। पुलिस टीम में एसएसआई हेमकांत सेमवाल,चौकी प्रभारी ,नवीन पुरोहित ,बारू शर्मा ,कपिल चौधरी, कुलदीप शामिल रहे।

### बारिश से मिली लोगों को राहत

पौड़ी। बीरोंखाल, थलीसैंण, धुमाकोट क्षेत्रों में सोमवार सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश से जहां लोगों को राहत मिली है वहीं उमस भरी गर्मी से भी लोगों को निजात मिल गई है। मौसम विभाग द्वारा सोमवार से बारिश का अलर्ट जारी किया था। इससे बीरोंखाल सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बीरोंखाल सहायक कृषि अधिकारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि यह बारिश खेती के लिए फायदेमंद है।

### क्षतिग्रस्त रोड के सुधारीकरण की उठाई मांग

पौड़ी। देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर देवप्रयाग से पायल गांव तक क्षतिग्रस्त रोड को ठीक करवाने की मांग सोमवार को कांग्रेस ने उठाई है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए जल्द ही रोड के सुधारीकरण की मांग उठाई है। एडीएम को ज्ञापन देते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र बिजल्वाण, पूर्व दर्जाधारी राज्य मंत्री सरिता नेगी ने कहा कि इस मार्ग पर रेलवे प्रोजेक्ट पर काम कर रही एलएनटी कंपनी के वाहनों के चलने से देवप्रयाग से पायल गांव डंपिंग जोन तक पौड़ी देवप्रयाग मोटर मार्ग 12 किलोमीटर के लगभग क्षतिग्रस्त हो रखा है। कहा कि पौड़ी नगर सहित इससे जुड़े क्षेत्र के लोगों के लिए देहरादून जाने का यह रास्ता है लेकिन पिछले लंबे समय से मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द सड़क को दुरुस्त करवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि जल्द मोटर मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट, जिला अध्यक्ष विनोद नेगी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम रावत, युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, शिवप्रसाद रतूड़ी, मनमोहन सिंह डेनियल, विजय दर्शन बिष्ट, उपेंद्र रावत आदि शामिल रहे।

### मसूरी में पांच शख्सियतों को सम्मानित किया

देहरादून। मसूरी प्रेस क्लब की ओर से पालिका सभागार में स्मारिका लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पत्रकारिता के क्षेत्र में जय प्रकाश उत्तराखंडी, स्वास्थ्य सेवा में मोहन सिंह खत्री, समाज सेवा में ग्राम प्रधान क्यारकुली भट्टा कौशल्या रावत, शिक्षा के क्षेत्र में मनोज रयाल, खेल के क्षेत्र में सेमुअल चंद्र को मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री जोशी के अलावा पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन सिंह मल्ल, ओपी उनियाल, एसडीएम डा. दीपक सैनी, मसूरी प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील सिलवाल एवं महासचिव सूरत सिंह रावत ने विचार रखे। इस मौके पर पूर्व आईजी मनोरंजन त्रिपाठी, पूर्व डीआईजी एसपी चमोली, मोहन पेटवाल, भरोसी रावत, अमित गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, प्रदीप कुमार, मुकेश धनाई समेत अन्य मौजूद रहे

### लंढौर में हुई मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति की बैठक

देहरादून। मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति की बैठक सोमवार को लंढौर में हुई। इसमें समीर रैना को सचिव और सुनील पंवार को समिति का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समिति अध्यक्ष सुरेंद्र राणा की अध्यक्षता में आयोजित की बैठक में कार्यकारिणी में बदलाव को लेकर चर्चा हुई। मसूरी खेल एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव सेमुअल चंद्र और कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने निजी कारणों की वजह से अपने पदों से दायित्व मुक्त करने का प्रस्ताव रखा। जिसे कार्यकरणी से स्वीकार किया। वहीं समिति ने सर्व सम्मति से समीर रैना को सचिव व सुनील पंवार को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। बैठक में समिति के आगामी समय मे होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, मनोरंजन त्रिपाठी, नरेंद्र पडियार, सेमुअल चंद्र, समीर रैना, राजेश सक्सेना, अरविंद सोनकर, नरेंद्र कुमार, सुनील पंवार मौजूद रहे।

### 15 जुलाई तक करवा लें राशन कार्ड का सत्यापन

अल्मोड़ा। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अपर आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशों के क्रम में जनपद अल्मोड़ा के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (प्राथमिक परिवार योजना व अन्त्योदय अन्न योजना) एवं राज्य खाद्य योजना के समस्त राशन कार्ड धारकों का सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है ऐसे राशन कार्ड धारकों की सूची सम्बन्धित क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारक अपने उचित दर विक्रेताओं की दुकान पर सम्पर्क कर बिना केवाईसी/सत्यापन वाले राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड की केवाईसी/सत्यापन हेतु अपने आवश्यक दस्तावेजों (समस्त सदस्यों के आधार कार्ड की छायाप्रति, महिला मुखिया की पासपोर्ट साईज फोटो, महिला मुखिया का बैंक अकाउंट नम्बर, मोबाईल नम्बर, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति) के साथ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में आगामी 15 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करवाते हुए राशन कार्ड की केवाईसी करवा लें। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड की केवाईसी/सत्यापन नहीं होने पर राशन कार्ड निरस्त हो जाने की दशा में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं सम्बन्धित राशन कार्डधारक का होगा।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# हरिद्वार : हरदा का अनोखा अंदाज, कहीं टिक्की तली तो कहीं सब्जी बेचकर किया प्रचार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 25 जून : पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उपचुनाव में चुनाव प्रचार करने मंगलौर पहुंचे, वे यहाँ पर सब्जियां बेचने और टिक्की तलते नज़र आए और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के लिए वोट मांगे।उत्तराखंड में 12 जुलाई को दो विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, इसके लिए सभी पार्टियों के प्रमुख नेता चुनाव प्रचार करते नज़र आ रहे हैं।

इस बीच कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को मंगलौर की सड़कों में कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के पक्ष में एक अनोखे अंदाज में चुनाव-प्रचार करते देखा गया। हरीश रावत ने मंगलौर के बाजार में पहुंच कर टिक्की चाट बेचने वालों की दुकान पर टिक्की तली और फिर उन्होंने इसके बाद सब्जी वाले की ठेली पर खड़े होकर लोकी, टमाटर, कद्दू व अन्य सब्जी भी बेची और इस दौरान वे टिक्की का स्वाद लेते नज़र आए। उनका सोशल मीडिया पर यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ये सभी लोग उनके दोस्त हैं और दोस्ती और भी गहरी होनी चाहिए और वह गरीबों के साथी थे और रहेंगे इसलिए आज वह इन लोगों के बीच में हैं। उन्होंने मंगलौर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के लिए हर दुकान पर जाकर वोट की अपील की है और विश्वास जताया कि इस बार काजी निजामुद्दीन भारी मतों से जीतेंगे। अब देखना होगा की यह तरीका मंगलौर की सीट पर कांग्रेस की नैया पार लगाता है या नहीं।



# लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान कर परियोजना के निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें : डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसीलों से समन्वय बनाकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें और परियोजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे।

जिलाधिकारी ने रेल विकास निगम को वन विभाग के सहयोग से रेलवे स्टेशन विस्तारीकरण के लिए प्रस्तावित गैर वन भूमि में शीघ्र वृक्षारोपण कार्य कराने के निर्देश दिए। एसडीएम को बीआरओ द्वारा जोशीमठ के मारवाड़ी में भूमि अधिग्रहण, भारत माला परियोजना के अंतर्गत जोशीमठ-मलारी मोटर विस्तारीकरण हेतु प्रस्ताव को भूमि राशि पोटर्ल पर अपलोड करने और जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग के पैकेज-2 में भूमि अधिग्रहण में प्रभावित होने वाले भूमि एवं भवनों का लोक निर्माण एवं राजस्व विभाग से शीघ्र संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिए।




एनएचआईडीसीएल को तहसील से समन्वय स्थापित करते हुए कमेडा से हेलंग के मध्य 20 भूस्खलन क्षेत्र, 11 सिकिंग क्षेत्र का उपचार कार्य और 02 सेतु निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए परियोजना के कार्यो को तेजी से पूरा किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, बीआरओ के मेजर प्रतीक काले, मेजर आदित्य, रेल विकास निगम के प्रभारी अधिकारी एमएस बिष्ट, डीजीएम एनएचआईडीसीएल सुशील वर्मा सहित वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी मौजूद थे।

# सहकारी समितियों की एसआईटी जांच के आदेश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश में उन सभी सहकारी समितियों की एसआईटी जांच होगी, जिनमें वित्तीय अनियमितता की शिकायतें सामने आई हैं। सोमवार को सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने एसआईटी जांच के आदेश दिए। साफ किया कि समितियों के वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को भी किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ समय से सहकारी समितियों में गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही थी। प्राथमिक स्तर पर कराई गई जांच में गड़बड़ियों की पुष्टि भी हुई। इसी के बाद विस्तृत जांच का आदेश दिया गया है। जांच के दायरे में प्रदेश भर की कई समितियां आएंगी। पहले चरण में जांच के लिए कुछ समितियों को चुना गया है। अभी तक सहकारी समितियों का पूरा हिसाब किताब कम्प्यूटर की बजाय मैनुवल खातों में ही संचालित होता था। पहली बार केंद्र सरकार की योजना के तहत सभी सहकारी समितियों का कम्पयूटरीकरण किया गया। सारा रिकॉर्ड ऑनलाइन होते ही गड़बड़ियां पकड़ में आने लगी। अब इन सभी समितियों की एसआईटी जांच के आदेश होते ही अफसरों से लेकर समितियों से जुड़े जनप्रतिनिधियों में खलबली मच गई है।

अफसरों से होगी गबन की वसूली, जांच बढ़ेगी

सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि जांच में समितियों के वित्तीय लेनदेन में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को भी दोषी पाया गया है। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गबन की रकम को ब्याज समेत वसूला जाएगा। अभी एसआईटी जांच सिर्फ कुछ ही समितियों को लेकर हो रही है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि जांच का दायरा बढ़ाते हुए अन्य सहकारी समितियों की भी पड़ताल की जाएगी।

इन समितियों की होगी जांच

पौड़ी में डाण्डामंडी और चांदपुर समिति, देहरादून में विकासनगर, त्यूणी, दसऊ व भानियावाला समिति, रूद्रप्रयाग में दैड़ा बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति, टिहरी में मेगाधार (भिलंगना), बड़कोट (जाखणीधार), सांदणा (जाखणीधार), पडिया, रौणिया (प्रतापनगर) समिति, अल्मोड़ा में फलसीमा व भवाली समिति, हरिद्वार में बहुउद्देश्यीय किसान सेवा सहकारी समिति बेल्डा, मंगलौर पूर्वी, खेलपुर, बहुउद्देश्यीय साधन सहकारी समिति जवाहरखान, खेडी सिकोहपुर, जवाहरखान बुजुर्ग, धनपुरा, बहुउद्देश्यीय प्रारम्भिक कृषि ऋण सहकारी समिति सलेमपुर, चमोली में मसोली समिति, उत्तरकाशी में जखौल, नैनीताल में ल्योलीकोट व सुयालवाड़ी और ऊधमसिंह नगर में फौजीमटकोटा समिति, रूद्रपुर शामिल है।

## उत्तराखंड और ओडिशा का दबदबा कायम

देहरादून। 40 प्लस नेशनल एपीएफए गोल्ड कप चैंपियनशिप में सोमवार को उत्तराखंड और ओडीशा की टीम ने जीत के साथ दबदबा कायम रखा। क्लेमनटाउन के तिब्बतन स्कूल फुटबाल ग्राउंड पर मैच खेले गए। पहला मैच पोंटा चोशुम एफसी हिमाचल और ढूंडूलीप लिजेंड एफसी देहरादून के मध्य हुआ। इसमें देहरादून ने 5-0 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में डेकलिंग एससी उत्तराखंड ने क्लेमनटाउन लिजेंड देहरादून को 2-1 के अंतर से पराजित किया। वहीं, तीसरे मैच में पोटाला इलेवन ओडिशा, गेंगचुपा एफसी दिल्ली के खिलाफ 8-3 के अंतर से विजयी रहा। मौके पर कैप्टन धीरज थापा, विमल सिंह रावत, सत्य प्रकाश जोशी, राहुल कैंतुरा, प्रवीन रावत, दोर्जी, हर्षित चौहान, वरुण चौहान, हिमांशु प्रजापति, सुरेंद्र रावत आदि मौजूद थे।

## नेशनल इंटर स्टेट चैंपियनशिप के लिए 20 एथलीट चुने

देहरादून। पंचकूला में 27 से 30 जून तक प्रस्तावित 63वीं नेशनल इंटर स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तराखंड के 20 एथलीट और चार ऑफिशियल हिस्सा लेंगे। एथलीटों में 16 पुरुष और 04 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड एथलेटिक्स संघ की सिलेक्शन कमेटी ने किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने को जुटे ग्राम प्रधान

देहरादून। ग्राम प्रधान संगठन ने सोमवार को खंड विकास कार्यालय रायपुर में प्रदर्शन किया। प्रधान संगठन पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग कर रहा है। सोमवार को ग्राम प्रधान संगठन ने पंचायतों का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। देहरादून के रायपुर विकास खंड के ग्राम प्रधानों ने भी ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन करने के साथ ही बैठक की। बैठक में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव पारित किया और खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। बैठक में प्रधान संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र मेलवान, ग्राम प्रधान रेखा बहुगुणा, रविंद्र सिंह, राखी पंवार, उषा देवी, नितिन रावत, हंसो देवी, शिवानी कंडारी, सुनीता देवी, आरती खन्ना, बबीता तिवारी, नीलम कोटवाल, अमरदेव भट्ट, सरोजनी ज्वाड़ी, संजना कठैत, शर्मिला रावत, नरेंद्र ज्वाड़ी समेत अन्य मौजूद रहे।

### पर्यावरण विरोधी अफसरों को राजधानी से हटाया जाए

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन ने चीफ टाउन प्लानर को हटाने और दिलाराम चौक से सीएम आवास तक सड़क चौड़ीकरण के लिए पेड़ कटान पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही सरकार से दून में जमे पर्यावरण विरोधी अफसरों को हटाने की भी मांग की है। संगठन के सचिव सुशील त्यागी की ओर इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा गया है। इसमें उन्होंने सुझाव दिया है कि सरकार को दूनवासी पर्यावरण प्रेमीजनों के साथ जनसंवाद भी करना चाहिए, ताकि लोगों की भावनाओं का सरकार समझ सके और उसी अनुरूप शहर के विकास की योजनाएं बनाई जाएं।

### फुटबॉल में दिल्ली और असम की शानदार जीत

देहरादून। अंडर-17 नेशनल आईपीएस सी सुब्रतो मुखर्जी इंटरनेशनल क्वालीफाई फुटबाल चैंपियनशिप में दिल्ली और असम ने अपने-अपने मुकाबले जीते। सेलाकुई वर्ल्ड स्कूल के फुटबाल ग्राउंड में सोमवार को चार मुकाबले खेले गए। पहला मैच मॉडर्न स्कूल बाराखम्बा दिल्ली और द डेली स्कूल इंदौर मध्यप्रदेश के बीच खेला गया। इसमें दिल्ली ने 4-0 के अंतर से जीत दर्ज की। दिल्ली की तरफ से ऋषभ नेगी ने तीन गोल और आयुष ने एक गोल किया। दूसरा मैच बीके बिरला स्कूल पुणे महाराष्ट्र और द हैदराबाद पब्लिक स्कूल आंध्र प्रदेश के बीच 0-0 की बराबरी पर छूटा। आखिरी पलों तक दोनों टीमें गोल के लिए संघर्ष करती रहीं। तीसरे मैच में सैनिक स्कूल गोलापार असम ने द लोरेंस स्कूल सनावर हिमाचल को 1-0 के अंतर से शिकस्त दी। आसाम के लिए जॉन कुमार ने 72 मिनट में निर्णायक गोल किया। कोच विरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 प्रदेशों के प्रतिष्ठित स्कूल हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर कवलजीत सिंह, प्रवीन रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, योगेंद्र सिंह पटवाल, अमन जखमोला, अमित कांत टम्टा, विमल रावत, रोशन आदि मौजूद थे।

### पंजाब एंड सिंध बैंक ने स्थापना दिवस मनाया

देहरादून। पंजाब एंड सिंध बैंक ने सोमवार को अपना 117वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान आंचलिक कार्यालय में गुरु कीर्तन और पाठ किया गया। इसके बाद प्रबंधन की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों में वाटर कूलर वितरित किए गए। बैंक ने जरूरतमंदों के लिए व्हील चेयर भी वितरित की। इस दौरान आंचलिक प्रबंधक अक्षित चौधरी(सीए), मुख्य प्रबंधक आरएमएस अरोड़ा, शीतल महाजन, तनु अग्रवाल, रति शंकर आदि मौजूद थे।

### बैडमिंटन में वैभव सिंह और आकांक्षित अव्वल

देहरादून। देवभूमि स्पोर्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन सोसायटी की डिसट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में अंडर-15 आयु वर्ग में वैभव खंडूरी और अंडर-17 में आकांक्षित ने जीत दर्ज की। परेड ग्राउंड की मल्टीपरपज हॉल में सोमवार को विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। अंडर-15 आयु वर्ग का पहला मुकाबला वैभव खंडूरी और अक्ष कुमार के बीच खेला गया। इसमें वैभव 15-07, 15-06 के सीधे सेटों में विजेता रहे। इसी प्रकार सिद्धार्थ शर्मा ने शिवांश तोपवाल को 15-4, 19-11, अभिषेक ने सक्षम रावत को 15-13, 15-11, गुरलिव सिंह ने संतोष उनियाल को 15-02, 15-01, राघव ने अद्विक को 15-13, 15-08, अंश ने शौर्य श्रीवास्तव को 15-08, 15, 6 के अंतर से शिकस्त दी। अंडर-17 आयु वर्ग में गुरलिव सिंह ने अभिषेक अधिकारी को 15-06, 15-11, शिवांश नेगी ने आदित्य रौथाण को 15-11, 15-13, 15-07, दर्शिल ने शौर्य सिंह को 16-14, 15-11, प्रशांत ने प्रांजल को 15-03, 15-07 के अंतर से पराजित किया।